प्रेस नोट

थाना - पिलखुवा दिनांक 20-03-2023

थाना पिलखुवा पुलिस ने थाना क्षेत्रांर्तगत एक दिन पूर्व हुई हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, जिनके कब्जे से आलाकत्ल डंडा बरामद ।

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांर्तगत एक दिन पूर्व हुई हत्या की घटना से सम्बन्धित मु0अ0सं0 125/23 धारा 302,34 भादवि का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से आलाकत्ल डंडा बरामद हुआ है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछं पर बताया कि साहब हम अधिकांशतः अपने गांव नया गांव अहमदपुर में स्थित बाबा लक्ष्मणगिरी महाराज की समाधि स्थल स्थित बडे हॉल में रहते हैं। अब कुछ दिन से समाधि स्थल पर लालू पुत्र नानक नि0 नया गांव अहमदपुर आकर रहने लगा , हमने कई बार मना किया , लेकिन लालू नही माना। हम दोनो शराब पीने के आदि है, रोजाना साथ साथ शराब पीते हैं। हमने लालू से कई बार शराब की व्यवस्था करने को एवं पैसे देने को कहा , लेकिन लालू ने न तो हमारे लिये शराब की व्यवस्था की और न ही हमें पैसे दिये। फिर हम दोनो ने योजना बनाई कि लालू को आज खत्म कर देते हैं। हम दोनो रात्रि करीब साढे 12 बजे उस खण्डर में से शराब पीकर समाधि स्थल पर पहुंचे तथा हम दोनों नें बातो में लगाकर लालू को धूना पर ले आये और शराब पी हम भी दोनो नशे में थे। हमारे बीच मारपीट हो गयी थी। हमने लालू को पकड लिया और डंडे से पीट पीट कर उसकी हत्या कर दी। हमारे कपडे और जूते में खून लग गया था, जिनको समाधि स्थल के पीछे झाडियों मे डंडे को छुपा दिया था।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1. कौशल तोमर उर्फ गोरखा पुत्र विजयपाल सिंह तोमर नि0 नया गांव अहमदपुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

2. सतेन्द्र पुत्र रामभूल नि0 अहमदपुर नया गावं थाना पिलखुवा जनपद हापुड।

बरामदगी का विवरणः-

आलाकत्ल डंडा व घटना कारित करते समय अभियुक्तों द्वारा पहने (खून लगे) कपडे व जूते

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. व0उ0नि0 श्री लाखन सिंह, थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
2. है0कां0 763 परीक्षित राणा थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
3. कां0 221 मनीष थाना पिलखुवा जनपद हापुड।